MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Subbarami Reddy, this will not enhance the prestige of the House. The whole world is watching us. Please let us maintain our own dignity...*(Interruptions)...* This will do no good. Mr. Reddy, you are a very senior Member of this House. Please maintain the decorum of the House.

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Situation arising due to recent hike in petrol and diesel prices

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय,मैं पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में हाल ही में हुई वृद्वि के कारण उत्पन्न स्थिति के संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री का ध्यान आकर्षित करता हूं।

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI MANI SHANKAR AIYAR): Mr. Deputy Chairman, Sir, may I please begin by apologising for the fact that the Hindi copies of the statement have yet not been distributed. That is in the process, and we hope to be able to do it very shortly.

Sir, as India is highly dependent on oil imports, with about 76 per cent of crude processed in Indian refineries being imported, international oil prices decisively impact on domestic crude prices and, therefore, on domestic retail products prices.

श्री नारायण सिंह केसरी(मध्य प्रदेश): सर, इसकी हिन्दी प्रति नहीं आयी है।

श्री उपसभापति: उन्होंने इस संबंध में रिक्वैस्ट की है कि हिन्दी की कॉपी तैयार नहीं है **...(व्यवधान).....**

श्री नारायण सिंह केसरी: सर, बंटने से पहले हिन्दी की कॉपी आनी चाहिए।

श्री उपसभापति: उन्होंने रिक्वैस्ट की है।

श्री नारायण सिंह केसरी: सर,इसे लेट क्यों किया जा रहा है ? **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति: उन्होंने अपोलोजाइज़ कर लिया है, आपने शायद सुना नहीं है। **...(व्यवधान).....**उन्होंने अपोलोजाइज़ कर लिया है, इसके बाद और क्या कर सकते हैं ?

SHRI MANI SHANKAR AIYAR: Since April 2005, bench mark crude oil prices have touched unprecedented high levels, with the Indian Basket of crude oil touching an all-time high of US $57.76 pbl on the 1st August 2005, that is, yesterday. The trend in international oil prices has been set out in

the statement, and rather than read out all the figures, might I please just .highlight that between March 2002, when the average ruling price was $23.31, it rose to on an average to $ 49.88 in the first quarter of the current financial year; a rise of 114.9 per cent; and, if we were to take the specific date of yesterday, the rise as compared to the average price in March 2002 was of the order of 148 per cent. The price of petrol has risen between March 2002 and the first quarter of this year, from $ 26.43 to $ 57.41; an increase of 134 per cent. Diesel has gone from $ 23.27 pbl to $ 61.28 pbl; an increase of 170.1 per cent. Kerosene has risen from $ 23.65 pbl to $ 65.78 pbl, an increase of 195.4 per cent. And, LPG from $ 194 to $ 411.13; an increase of 114.8 per cent. Now, Sir, as compared to the 134 per cent increase in petrol prices, the increase in retail prices over March 2002 is of the order of 43 per cent; of diesel, is of the order of 70.1 per cent; of kerosene, is of the order of a mere 0.5 per cent, and of LPG, that" is, domestic LPG, of a mere order of 22.6 per cent. If we take the period when our Government has been in office, then, between May 2004 and today, the increase in petrol, the price increase is about 20 per cent; of diesel is about 31 per cent; of kerosene is only 0.4 per cent and LPG is 22 per cent.

Trend in the international oil prices

	Crude oil (Indian Basket) $ pbl	Petrol $/pbl	Diesel $/pbl	Kerosene $pbi	LPG $/MT
March 2002	23.31.	26.43	23.27	23.65	194.00
2002-03	26.66	30.15	28.93	29.33	280.40
2003-04	27.96	35.03	30.48	31.19	278.45
2004-05	39.22	49.01	46.91	49.50	368.52

Nov. 04 (last price revision)	38.82	-51.75	50.90	53.56	469.00 -
April, 2005 to June, 2005	49.88	57.41	61.28	65.78	411.13
Increase in international prices over March, 02	114.9%	134.0 %	170.1%	195.4%	114.8%
Increase in retail prices over March, 02		43.1%	70.1%	0.5%	22.6%
Increase in retail prices (over May, 04)		20%	31%	0.4%	22%

Sir, the Government is continuously monitoring the price situation. The pricing mechanism attempts to balance the interests of various stakeholders, *viz.,* consumers, Government and oil companies.

With a view to containing the burden of the increase in international prices on the prices of sensitive petroleum products, it has been decided to maintain the price of domestic LPG and PDS kerosene, notwithstanding, the steep rise in international prices of these products but to allow for a moderate increase in domestic retail prices of diesel and petrol, so that the burden is equitably shared between Government, oil companies and to some extent, by consumers. In this light, the Government reduced the excise duty on petrol and diesel by four per cent and three per cent respectively effective 16.06.2004, and effective 19.08.2004, the excise duty on petrol and diesel was further reduced by three per cent. The Government also reduced customs duty by five per cent each on petrol and diesel with effect from 19.08.2004. In the Budget 2005-06, a reduction in customs duty on crude from ten per cent to five per cent and in other petroleum products from the range of 15-20 per cent to 10 per cent was announced.

In view of the continued and unrelenting price increase and under-recoveries suffered by OMCs, the Government increased the prices of petrol and diesel by Rs. 2.50 per litre and Rs. 2.00 per litre (at Delhi) respectively effective midnight of 20th/2lst June, 2005 with corresponding increases in the rest of the country. Prices of petrol and diesel were earlier revised in November, 2004, as were indeed of LPG too at that time.

Sir, I would be failing in my duty if I were not to draw the attention of the House to the humongous under-recoveries, and even losses, under which our Navratna and Miniratna OMCs are reeling, *i.e.,* oil marketing companies are reeling.

Accumulated under-recoveries are mounting, month-after-month, owning to sustained increase in' the international prices of these products, as set out in the table that has been circulated.

The under-recovery on account of PDS Kerosene and Domestic LPG has risen from Rs. 9370 crore in 2003-04 to an estimated Rs. 17,720 crores in 2004-05, and on account of petrol and diesel where there was no under-recovery in 2003-04, in 2004-05, the under-recovery has been of the order of Rs. 2190 crores. The under-recovery which was of the order of Rs. 9370 crores in 2003-04, in the last year, 2004-05 rose to an estimated Rs. 19,910 crores.

Sir, in addition, the estimated under-recoveries of OMCs in respect of petrol and diesel during April-June, 2005, *i.e.,* the first quarter of this financial year, is estimated to be Rs. 4900 crore and that on PDS kerosene and domestic LPG is of the order of Rs. 4800 crore. In full year of 2005-06, at the current trend, the under-recoveries are likely to exceed Rs. 40,000 crore.

Some more worrisome still is this. Since the first quarter of the current financial year, and even after the upward revision in prices of petrol and diesel on 20/21 June, 2005, the new and very disturbing trend is that our Navratna and Miniratna OMCs are beginning to suffer net or cash losses, .seriously incapacitating their abilities to meet capital expenditure targets or maintain dividends on equity. The figures have been circulated. I would like to draw the House's particular attention to them. This is, in the first quarter of 2005-06, profit-loss on an after-tax basis (PAT basis) is, IOCL (-) Rs. 54 crore, HPCL (-) Rs. 508 crore, BPCL (-) Rs. 431 crore, IBP (-) Rs. 234 crore. The total loss to these four companies is Rs. 1227 crore. Please, note that these losses have occurred notwithstanding a massive contribution

of Rs. 3257 crores from upstream companies like ONGC and OIL, as well as GAIL, to the public sector OMCs. Please, also note that the upstream contribution in the first quarter of 2004-05 was only Rs. 1156 crore, or about one-third of the contribution made in the first quarter of the current financial year, 2005-06.

Sir, I should clarify that after providing for depreciation, IOC's loss in terms of PAT amounts to a net loss. However, the other three companies are already steeped in cash losses.

I have just given you the figures for the first quarter, that is, April to June, 2005. Prices were revised upward on the midnight of 20th/ 21st June, 2005. Notwithstanding this rise in prices, our four companies have suffered cash losses in the month of July as per the provisional figures available with them on account of the steep rise in international prices of crude/ products of the order of US $ 6 per barrel.

Sir, cash loss in the month of July, 2005 was, IOCL - Rs. 564 crore, HPCL - Rs. 343 orore, BPCL - Rs. 425 crore and IBP - Rs. 184 crore, amounting to a total cash loss of Rs. 1516 crore.

Sir, the Ministry of Petroleum and Natural Ga6 is now trying to see what kind of contribution we will have to direct the upstream companies to make to the OMCs to offset, or, at least, minimise the losses being suffered by the marketing companies after the revision of prices on the 20th/ 21st June, 2005. Thank you, Sir.

श्री प्रमोद महाजन: उपसभापति जी, यह सम्पर्क कि सरकार जब पिछले वर्ष सत्तारूढ़ हुई तो एक बहुत ही लोकप्रिय नारे के आधार पर सत्तारूढ़ हुई । पिछले लोक सभा के चुनाव की लड़ाई में कांग्रेस की ओर से आम आदमी का नारा दिया गया । मैं नहीं जानता कि इसका लेखक यहां बैठा हैं या नहीं बैठा है, पर जो भी हो, गरीबी हटाओं के बाद शायद कांग्रेस की ओर से दिया हुआ एक प्रभावी नारा था । लेकिन उपसभापति जी दुर्भाग्य से जो गरीबी हटाओं का हुआ, वही साल भर में इस नारे का हुआ । गरीबी हटाओं का नारा देकर सरकार आई है । गरीब हटा होगा, गरीबी तो नहीं हटी । अब आम आदमी का नारा देकर यह सरकार आई हैं ।**...(व्यवधान).....**

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): What about 'India Shining'?

श्री उपसभापति: डिबेट चल रही है । **...(व्यवधान).....**

श्री प्रमोद महाजन: जो नारा ज्यादा अच्छा था, वह जीता । **...(व्यवधान).....**

श्री उपसभापति: आप बोलिए ।

श्री प्रमोद महाजन: वैसे आपने पूछा है, इसलिए बता देता हूं,वरना आवश्यक नहीं था, बहुत बार जैसे "आम आदमी" नारे का लेखक श्री जय राम रमेश जी को बताया जाता है, वैसे ही " India shining " का लेखक मुझे बताया जाता है । इधर के वित्त मंत्री यहां है नहीं,वैसे मुंबई की किसी कंपनी ने वित्त मंत्रालय को विदेश में अपना प्रचार करने के लिए जो नारा दिया था, धीरे-धीरे मीडिया ने उसे मेरे गले में बांध दिया । खैर, वह आज का विषय नहीं हैं ।

उपसभापति महोदय, पिछले एक वर्ष में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में चार बार वृद्वि हुई- 1 अगस्त को, 15 सितंबर को,4 नवबर को और अभी 20-21 जून की मध्य रात्रि को । जैसे पेट्रोलियम मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में कहा है, एक-दो प्रतिशत आगे-पीछे हो सकता है, लेकिन पिछले एक वर्ष में पेट्रोल की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ी, डीज़ल की कीमत 31 प्रतिशत बढ़ी । वैसे कभी-कभी हम लोगों को आश्चर्य होता है कि पेट्रोल की कीमत 20 प्रतिशत और डीज़ल की कीमत 31 प्रतिशत क्यों बढ़ी ? अब उसका तकनीकी ज्ञान तो मुझे नहीं हैं, लेकिन हो सकता है कि लोग जितना पेट्रोल खरीदते हैं, उससे साढ़े चार गुना ज्यादा डीज़ल खरीदते है । इसलिए स्वाभाविक रूप से अगर धन ज्यादा इकट्ठा करना हो तो डीज़ल की कीमत प्रति लीटर बढ़ने से ज्यादा आता है । यह अचरत की बात है कि डीज़ल साधारणतः आम जनता के ट्रांसपोर्ट में, किसानों के लिए, ऑटो-रिक्शा में, छोटे लोगों क उपयोग मे आता है तथा इसके माध्यम से रेलवे चलती है, पब्लिक ट्रांसपोर्ट चलता है । अगर डीज़ल और पेट्रोल में जातिवाद करें तो पेट्रोल साधारणतः बड़े लोगों के लिए है । और डीज़ल आम आदमी के लिए हैं । अब एक वर्ष में इसकी कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्वि हुई है । स्वतंत्रता के बाद शायद एक वर्ष में किसी सरकार को इतनी वृद्वि करने की नौबत नहीं आई । इसलिए सबसे पहले मेरी मांग यह है कि सरकार को इस वृद्वि पर पुनर्विचार करना चाहिए । मंत्री जी ने अपने वक्तव्य के द्वारा एक भयानक स्थिति दिखाकर, मानों इसमें कमी का कोइ रास्ता बचा नही है, ऐसा संकेत दिया है, लेकिन इस प्रकार की स्थिति नहीं है । इसलिए मेरी सबसे पहली मांग यह है कि इस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए ।

उपसभापति महोदय,मैं समझता हूं कि कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति या दल, अंतर्राष्टीय स्थिति जानता है । हम सब जानते हैं कि हम 76 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करते हैं और 24 प्रतिशत तेल का खुद उत्पादन करते है। स्वाभाविक रूप से जो अंतर्राष्ट्रीय स्थिति हो, उसका असर इस 76 प्रतिशत पर पड़ता ही है । दुनिया में किसी भी चीज की कीमत, मांग और आपूर्ति से तय होती है । जहां तक मेरी जानकारी है, दुनिया में आज 84.5 दश लक्ष बैरल तेल प्रतिदिन दुनिया उपयोग में लाती है और इसका उत्पादन केवल 86 दक्ष लक्ष बैरल हैं । इसलिए उपयोग और उत्पादन में इतना कम अंतर है कि कोई दुर्घटना हो या राजनीतिक स्थिति में कोई अंतर आए, तो डीज़ल और पेट्रोल की कीमतें एक-दो डॉलर प्रति बैरल नीचे-ऊपर होना कोई बहुत बड़ी बात नहीं हैं । अब जैसे आज सुबह हमने सऊदी राजा को श्रद्वांजजि दी । उनके बाद जो आएं हैं, वे उन्हीं की नीति चलाएंगे, लेकिन केवल उनके दुःखद निधन से भी कल और आज में डेढ़ डॉलर का फर्क पड़ गया है । रूस का तेल भंडार कम हो रहा है, ईराक लड़ाई में हैं, ईरान बहिष्कृत है, सऊदी अरब नया तेल निकालने के लिए राजी है लेकिन प्रत्यक्ष तेल आने में और 3 वर्ष लगेंगे । इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि ऐसी अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में हम सबको मिल कर रास्ता निकालना चाहिए । लेकिन इस अंतर्राष्ट्रीय स्थिति का वास्ता देकर हम 100 करोड़ की जनता पर ऐसा बोझ नहीं डाल सकते कि वह बोझ उसे असह्या हो जाए ।

इसलिए हमें कोई-न-कोई बीच का रास्ता निकालना पड़ेगा । मुझसे ज्यादा पेट्रोलियम मंत्री जानते हैं कि आज पेट्रोल या डीजल की जो कीमत हम देते है, लगभग बढ़े हुए अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में भी उसकी असली कीमत आधी है, मोटे रूप में । उस पर करों का प्रावधान आधा है । मैं उनकी और दिक्कतें जानता हूं , लेकिन कभी-कभी मैं अगर सपना देखूं कि तेल पर कोई कर होगा ही नहीं, तो आधी रात में अपने देश में कीमते आधी आ सकती है । अब यह सोने का अंडा देने वाली मुर्गी है, इसलिए इस पर सरकार कर लगाती जाती है ।

अभी-अभी मैं कुछ पुराने प्रश्नोत्तर पढ़ रहा था, उसका उदाहरण मैं देना चाहूंगा । वैसे पेट्रोलियम मंत्री ने बहुत कोशिश की, लेकिन शायद वित्त मंत्रालय ने कठोर भूमिका ली । अभी- अभी जो बजट हुआ, इतनी बुरी स्थिति में, अंतर्राष्ट्रीय स्थिति इतनी बुरी है, अभी -अभी बताया कि ऑयल कंपनियों का दिवाला निकल रहा है । अब ऐसी स्थिति में कोई भी वित्त मंत्री अपने बजट में इस पेट्रोल, डीजल को तो छोड़ देता, और किसी रास्ते से पैसा लाने की कोशिश करता । वित्त मंत्री ने कस्टम, एक्साइज़ ड्यूटी में चेंजेज़ लाए और रोड सेस को बढ़ा दिया और बजट का भाषण देते समय यह कहा कि यह रेवेन्यू न्यूट्रलाइजेशन है, इससे मुझे कुछ पैसा-वैसा मिलने वाला नहीं हैं । यह तो मैं एडजस्टमेंट कर रहा हूं । हमने भरोसा किया कि हो सकता है कि वे एडजस्टमेंट कर रहे होंगे, तो अच्छी बात है । उपसभापति जी, अभी-अभी हमारे ही सदन में 26 जुलाई को मेरे वरिष्ठ सहयोगी यशवंत सिन्हा जी ने पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री से एक प्रश्न पूछा था । अब वित्त मंत्री से पूछा तो उन्होंने कुछ अलग कहा, इसका अलग रास्ता ढूंढना पड़ेगा, इन्होंने तो इसमें रेवेन्यू न्यूट्रल मैनर ही कहा है । उस प्रश्न में पूछा गया कि क्या 2.50 रूपए पेट्रोल और 1.50 रूपए डीजल पर इन्क्रीज़ एक्साइज ड्यूटी के कारण हुआ है ? क्या रोड सेस 1.50 से 2.00 रूपए होने का कोई प्रभाव हुआ है ? यह जो बजट से रिलेटेड प्रश्न पूछा गया है, तो मैं सिर्फ चार लाइन का जवाब कोट करना चाहूंगा । मंत्री जी, आपका जो जवाब हैं । "For petrol, the impact of duty changes, both customs and excise, including the road cess announced during the Budget 2005-06, necessitated a net increase of Rs. 2.2 per litre at Delhi. Similarly for the diesel, impact of duty changes required a net increase of Rs. 1.06 per litre at Delhi. The impact of Budget changes regarding इसमें नहीं है । अगर साधारण अंक गणित लें, तो अभी आपने 2.50 रूपए बढ़ाया । इसमें पता नहीं आप अंतर्राष्ट्रीय रूप से किसको पैसा दे रहे हैं, 2.20 रूपए तो वित्त मंत्री उठा रहे हैं अपने बजट से । आपने 2.00 रूपए डीजल पर उठाए, इसमें 1.06 रूपए तो वित्त मंत्री उठा रहे हैं । चलो आप हमारी बात नहीं मानते, वाम दलों की नही मानते, खुद की नहीं मानते । कम-से-कम वित्त मंत्री का यह नया कर भी अगर वे नहीं देते, तो आज की कीमतों में भी 30 पैसे कीवृद्वि होती । डीजल पर एक रूपया वृद्वि होने की सभ्भावना थी । मैं इसे विस्तार से इसलिए कह रहा हूं कि क्या हमेशा अंतर्राष्ट्रीय दबाव का नाम लेते हुए हम आम आदमी पर ऐसा बोझ डालेंगे, जो उसे असह्य होगा ?

अब जो वित्त मंत्रालय है, यह जो वृद्वि होती है, उसका भी एक आश्चर्यजनक पहलू है । कभी-कभी तो मुझे लगता है, मुझे क्षमा करें यशंवत जी, कि अंतर्राष्ट्रीय स्थिति की ...(**व्यवधान**).....तेल का दाम बढ़ने से कभी-कभी वित्त मंत्रालय कहीं खुश तो नहीं होता है, क्योंकि जैसे तेल का दाम बढ़ता जाता है,वैसे उसकी आय अपने आप बढ़नी शुरू होती है । इसके लिए उसे कुछ नहीं करना होता है ...(**व्यवधान**).....सर, वह तो बेचारे 4 ही साल थे, आप

तो 40 साल से यही कर रहे हैं । वह कहां से हिसाब चुकता करें और यह कोई जगह थोड़े ही है हिसाब चुकता करने की ।

उपसभापति जी,हमें ऐसा लग रहा है कि अब समय आ गया है, शायद कोई वित्त मंत्री माने या न माने, लेकिन एक समय आ गया है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में अगर वह 57 डॉलर है, कुछ लोग कहते है कि ऐसी भयावह स्थिति है और 100 डॉलर तक जाएगी तो कया हम हर चीज उसी पर डाल देंगे ? मुझे लगता है कि समय ऐसा आया है कि फिर वित्त मंत्रालय को किसी एक स्तर पर, मैं यह तो नहीं कहूंगा कि सारा कर निकाल दें क्योंकि कर निकाल देंगे तो 50,60 या 70 हजार करोड़ का घाटा होगा । तो स्वाभाविक रूप से हम जो काम करते हैं, उस पर घाटा होगा । इसलिए मैं पुरानी बात में नहीं जा रहा हूं, लेकिन अगर किसी एक तिथि से वित्त मंत्रालय यह तय कर ले कि मैं इस को Freeze करता हूं । इसके बाद अगर कोई रेवेन्यू आएगा तो मैं यह ऑइल पूल में वापस देता रहूंगा जिसके कारण वह आम आदमी तक पहुंचेगा । अगर हम यह करें तो ही हम अंतर्राष्ट्रीय दबाव का मुकाबला कर सकते हैं । तो क्या आप वित्त मंत्रालय को मना पाएंगे ?

उपसभापति जी , मैं दूसरे प्रश्न पर आता हूं । पेट्रोलियम मंत्री जी ने कहा है और आज भी कहा है कि सरकार, केन्द्र , तेल कंपनियां और ग्राहक पर सम-समान बोझ डालेगी । इसमें सम-समान शब्द तो नहीं है, उन्होंने कहा है to some extent, अब some extent का हिंदी रूप देखना होगा । उन्होंने कहा हैं, "To allow for a moderate increase in domestic retail prices of diesel and petrol, so that the burden is equitably shared between Government, oil companies and to some extent, by consumers". अब अगर 20 परसेंट मॉडरेट है तो harsh क्या होगा, इस का तो मैं इंतजार कर ही नहीं सकता । इसलिए साल में 20 परसेंट मॉडरेट कैसे होता है, मैं समझा नहीं, पर जो भी हो ।

इसका मतलब equitable के less extent है या शुरू के extent में ज्यादा extent हैं, यह तो confusion है कि इसमें ज्यादा किस पर आ रहा है ? तो क्या आप बता सकते हैं कि कितना बढ़ा था, इसमें वित्त मंत्रालय ने कितना उठाया ? आपने यानी आप चूंकि ऑइल कंपनी के मालिक हैं, इसलिए आपने कितना उठाया और कंपिनयों को कितना मिला था, क्या इसका ब्यौरा वह दे सकते हैं ? कम-से-कम लोगों को ऐसा लगता है कि इस equitable distribution में सबसे ज्यादा मार ग्राहकों पर पड़ी है । अब स्वाभाविक रूप से आप ने वित्त मंत्रालय की चिंता करनी है, तेल कंपनियों की करनी है, इसलिए आम आदमी पर जो बोझ पड़ा है, उसकी चिंता इन दो पेजों में कहीं दिखायी नहीं देती । इन दो पेजों में मेरी तेल कंपनियों का क्या होगा, इसकी ज्यादा चिंता है, लेकिन लोगों का क्या होगा, यह इसमें नहीं है । तो यह क्या है ?

उपसभापति महोदय,मैं करों के संबंध में कहना चाहूंगा और वह किसी एक दल या सरकार से संबंधित नही है । सर,इस पर एक बहुत बड़ा बिक्री कर राज्यों का भी लगता है और उसमें दिल्ली, मुंबई में बहुत फर्क होता है । वह दिल्ली में comparatively सस्ता है, इधर महंगा होता है । अब यह क्यों होता हैं ? तो जैसे मैंने केन्द्र को कहा, राज्य सरकारों के बिक्री कर को भी हम कहीं freeze करने के लिए कह सकते हैं ? नही तो जैसे वित्त मंत्री अंतर्राष्ट्रीय स्थिति से मन-ही-मन खुश होता है, वैसे ही राज्यों के वित्त मंत्री भी खुश होते हैं कि चलो भाई मणि शंकर जी ने दाम बढ़ा दिए, अपने को तो 50-60 करोड़ उसमें से आ ही गए क्योंकि उसको तो कुछ

1.00 P.M.

भी किए बिना अपने आप परसेंटेज पर बढ़ता रहा । तो क्या बिक्री कर के संबंध में भी कोई ऐसा फैसला कर सकते हैं जो uniform हो और उस पर भी किसी प्रकार की कोई ceilling हो ? क्या हम कोई "कीमत स्थिरता कोष" बना सकते हैं यानी price stabillization fund बना सकते हैं क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय तेल बाजार में उतार-चढ़ाव होते रहेंगे । अब स्वदेशी कच्चे तेल पर कर लगता है । उस cess के कारण आप को 5-6 हजार करोड़ हर साल आता है । क्या कोई सरकार इस पर विचार करेगी कि कोई price stabillization fund बनाए जिसके कारण अगर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनाप-शनाप वृद्धि हो जाए तो उसके कारण आम आदमी पर डाला बोझ कम कर सकें ?

उपसभापति महोदय, इस के साथ ही मुझे दो-तीन छोटे-छोटे प्रश्न पूछने हैं जोकि मैं दो-दो वाक्य में पूछूंगा । उपसभापति जी, रा.ज.ग. सरकार में हमने एक इथनॉल नीति बनायी थी । ब्राजील में 70वर्षो से लगभग 20 प्रतिशत तक इथेनॉल का उपयोग हो रहा हैं । इसके कारण हम उसकी कीमत पर एक प्रकार से नियंत्रण ला सकते है, क्योंकि मैंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हमारा नियत्रंण कम होगा, लेकिन कुछ चीजें जो हमारे हाथ में है, उसमें हम क्या कर सकते हैं, यह हम सदन में सोच सकते हैं । अब हमारी सरकार में हमने यह कहा था कि इसका 5 प्रतिशत उपयोग करना अनिवार्य है । अब यह अपने आप में ....(**व्यवधान**)....

श्री उपसभापति: एक बजे लंच का है । आपको अभी कितना टाईम लगेगा ?

श्री प्रमोद महाजन: बस, 3-4 मिनट , सर । Last 2 or 3 questions *...{Interruptions}...*

श्री नीलोत्पल बसु(पश्चिम बंगाल): सर, लंच स्किप कर दीजिए ।....(**व्यवधान**)....

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : I am ready, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let him conclude first.

श्री प्रमोद महाजन: महोदय,हमारी सरकार में हमने यह कहा था कि इसका 5 प्रतिशत उपयोग करना अनिवार्य है, मैनडेटरी है ।पेट्रोलियम मंत्री जी से मेरी अपेक्षा थी कि वे इसको और शक्ति देते,क्योंकि यह गांव से जुड़ा था, किसानों से जुड़ा था, गन्ना-उत्पादक किसानों से जुड़ा था । इससे गांवों में एग्रो-पेट्रो,क्या कहते हैं अंग्रेजी में, इसमें ऐसी क्रांति आने की संभावना थी । लेकिन इसमें दुर्भाग्य है कि आपने नीति में एक छोटा-सा परिवर्तन कर दिया । आपने कहा कि यह मैनडेटरी नही है, ऑप्शनल है । अब जब से ऑप्शनल हुआ, तो इस देश में ऑप्शनल चीजें कौन मानता है, तो लगभग किसी ने नहीं माना । क्या इस नीति के बारे में आप दोबारा सोच सकते हैं, जिसके कारण हमारी यह आत्मनिर्भरता बढ़े ?

सुबह सम्माननीय सदस्या अंबिका जी ने आप से जो प्रश्न पूछे, मै बड़े ध्यान से उनको सुनने की कोशिश कर रहा था । आपने ईरान –पाकिस्तान-भारत पाइपलाईन के बारे में तो ऐसी जानकारी दी कि मुझे तो लगा कि इसमें से सिर्फ गैस और पेट्रोल बहना ही बाकी है, बाकी तो खुदाई हो चुकी है, पाइपलाईन लग चुकी है । सर, मैं तो बिल्कुल पेट्रोल का केन लेकर सोच रहा था कि मैं सीमा पर जाकर नल खोल दूं कि इसमें से आ रहा है । मुझे एकदम-से इतना

ज्ञान हुआ । लेकिन बाद में मुझे ध्यान आया कि इसमें अभी तो कुछ भी नहीं है । खैर, सम्माननीय सदस्या अंबिका जी ने इसमें सुरक्षा की जो चिन्ता उपस्थित की, क्योंकि यदि मैं करता तो हो सकता है कि इसको कोई पाकिस्तान-विरोधी वगैरह भी माना जाता, लेकिन उन्होंने सुरक्षा की चिन्ता व्यक्त की, लेकिन वह आज का विषय नहीं है, इसलिए मैं उस विषय पर नहीं जाता हूं । यह जो पाइपलाइन है, अगर यह कोई लाईफ-लाईन है, इस प्रकार की हम बात कर रहे हैं, हमको ऑयल सेक्टर में निर्भर करने की, जो प्रधान मंत्री जी ने इसके बारे में अमेरिका में आशंका क्यों जताई ? इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ? अब यह प्रश्न तो श्रीमती अंबिका जी पूछ नहीं सकती थी, इसलिए मैं पूछ रहा हूं कि आंशका क्यों जताई ? आपने तो बार-बार कहा है कि इसमें अमेरिका का कोई दबाव नहीं है । अगर अमेरिका का कोई दबाव नहीं है, ऐसा पेट्रोलियम मंत्री कहते हैं, तो प्रधान मंत्री की जो आशंकाएं है, उनको दूर करने के लिए आप क्या करेंगे ? बाद में मुशर्रफ की और फिर ईरान की और बुश तो बहुत दूर रह गए – तो इनकी आशंकाएं क्रमशः कैसे दूर होंगी, जिसके कारण यह कोई लाइफ –लाइन है,तो वह हमारे पास आएगी ।

तेल कंपनियों के घाटे के बारे में आप चिन्तित है । मैं नहीं समझता कि हम आपकी चिन्ता से सहमत है कि स्वाभाविक रूप से इसमें हमें कोई ऐसा रास्ता ढूंढना होगा,क्योंकि अगर पहले तीन महीने में इस प्रकार का घाटा हुआ है और अगर साल भर कोई चला और अगर कीमत 2-4 डॉलर और बढ़ गई, तो स्वाभाविक रूप से इन कम्पनियों की सेहत ऐसी बनेगी कि इसका भी अपने ऊपर दूरगामी असर होगा, लेकिन मैं समझता हूं कि यह आपके अकेले की शक्ति के बस में नही हैं । आप ONGC से कितना भी देने की बात करें, वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में थोड़े ही ONGC अपनी कम्पनी का तेल बेचता हैं । वह तो सस्ता ही बेचता है । इसलिए वह तो अलग बात है, लेकिन अपने हिसाब से मुझे लगता है कि इसमें सदन को भी विचार करना चाहिए और इसके शोध और विस्तार पर उसका क्या असर होने वाला है, इसमें आपका क्या अनुमान है ? मैं यह जानना चाहूंगा कि जो रिसर्च है और इनका जो आगे डेवलपमेंट करना है, इस पर इन कंपनियों के घाटे का क्या असर होगा?

एक और छोटा-सा मुद्दा यह है कि आपने मंत्री बनते ही यह कहा था कि राजग की तेल नीति एकदम गलत है ।ठीक है, हमारी सरकार नहीं हैं । नीति गलत थी, सही थी, अब उस पर बहस करके तो उसका पोस्टमार्टम हो गया, उससे तो अब कुछ फायदा नहीं है । आपने कहा था कि मैं एक नई "सर्वकश" नीति लाऊगां । मैं यह पूछना चाहता हूं कि सवा वर्ष बीत गए । ....(**व्यवधान**)....Comprehensive , अगर ठीक हुआ अंग्रेजी में । क्योंकि मणि शंकर अय्यर जी के साथ अंग्रेजी के साथ बोलते हुए मैं डरता हूं । क्योंकि अभी-अभी उन्होंने इनको कुछ बताया था । ....(**व्यवधान**)....

श्री उपसभापति: प्रमोद जी, आप कनक्ल्यूड कीजिए । ....(**व्यवधान**)....

श्री प्रमोद महाजन: Humongous, रेणुका जी ने समझाया था, ...(**व्यवधान**)....वह कॉम्पेटिबल और कॉम्पिटिटिव, जो भी था । इसलिए मैं कह रहा हूं , उसमें मैं कहां-कहां विवाद में जांऊ, ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में जाऊं । मेरा इतना जानना था कि जो हाइड्रो-कार्बन कीमत नीति है, यह कब से आएगी । (Time-bell) सर,सिर्फ लास्ट पाइंट ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Actually, according to rules, the Mover of the Calling Attention gets only seven minutes.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, you are right. But others will get less time. That's why I am taking more time. So, we will get .a compatible time. *..(Interruptions)..*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There should be a consensus on that also.

श्री प्रमोद महाजन: सर, एक और बात, अंत में मुझे मंत्री जी से कहनी है कि हम सारे तेल क्षेत्र को, पूरे क्षेत्र को एक समझने की गलती करते हैं और ये जो अलग-अलग विभाग हैं, उनके बारे में अलग-अलग नीतियां और उसके प्रकार लोगों को समझाते है । अब जैसा मैंने कहा कि अगर हम 24 प्रतिशत तेल खुद देते हैं, तो जो ओएनजीसी(ONGC) को कच्चा तेल दिया जाता है, क्या वह अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों पर रिफायनरीज को दिया जाता है कि उधर यह हो गया, इधर आप ले जाओ । नहीं है, तो उसका कीमत पर क्या असर होता है ? क्या यह सच नहीं है कि कच्चे तेल को पक्का करना, परिवर्तन करना भारत में दुनिया के मुकाबले सबसे ज्यादा सस्ता है ? अगर हमारी रिफायनरीज में रिफायनरी प्रोसेस सबसे ज्यादा सस्ती होती है, तो शायद वह मजदूरी के कारण होगी । उसका क्या अर्थ है ? शोध में, लागत में मुनाफे में, रिसर्च में,आप उसमें इन्वेस्ट करेंगे, उसमें और प्रोफिट में,इन पर अलग अलग और विस्तार से विचार करने की जरूरत है और इसलिए आज के संकट को देखते हुए और भावी संकट की अवस्था में हमें क्या करना चाहिए, इसके बारे में क्या आप कोई एक श्वेत-पत्र जारी कर सकते हैं, जिस पर दोनों सदन तथा समाज चर्चा कर सके ? यही मेरा आपसे अंतिम प्रश्न है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch to meet at two of the clock.

The House then adjourned for lunch at two minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at two of the clock,

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA) *In the Chair.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA): Shri Dipankar Mukherjee.

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल)**:** उपसभाध्यक्ष जी, सबसे पहले तो मेरे लिए आप मेडन चेयर पर हैं, मुझे टाइम भी ज्यादा मिलेगा, ऐसी मुझे आपसे आशा हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**:** कृपया समय का ध्यान रखिएगा ।

श्री दीपांकर मुखर्जी : सर, पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि मेरे से पहले श्री प्रमोद महाजन जी ने कालिंग अटेंशन को इनिश्येट करते हुए बहुत से प्वाइंटस रेज़ किए है । He has raised those points and questions. I am happy that the issues, which were being raised by our party, not only now, but for years together, have found a voice in Mr. Pramod Mahajan. I only hope that today atleast, the media

which had been ridiculing us regarding the same issues would tell, whatever he has said today. It is not Left's obstinate and unreasonable stand, it is some pro-reformers like Mr. Pramod Mahajan or his party's stand because it is something different from what Mr. Yashwant Sinha has told last time, when we were on the same issue of petroleum price hike. I am not going to touch on those points specifically, the points which he has touched. And I -think it is not a question of any party. We have now come to a stage where the major issue, so far as price hike is concerned, I can assure the hon. Minister, is more than the fuel part of the price; rather, it is the non-fuel part. It is difficult for the Minister to reply because the major point which is now agitating the public mind as well as the House and the Standing Committees, is on the non-fuel part of the price where the Petroleum Ministry's involvement, I am afraid, is not much. But these are the issues which have to be raised again and again. And, Sir, the issue regarding duties, restructuring of duties, is an issue which now has, more or less, a consensus, as can be reflected, not only in what Mr. Pramod Mahajan said, but in the Standing Committee's report itself. Regarding the cess in this particular issue of price rise, the price rise on petroleum and diesel is mostly because of the excise duty part.

This is being questioned. In the- Standing Committee's recommendations one of the major issues which was raised was, why there should be any price rise on account of tax and duty other than the global price. The first point is the price rise. The second point is whether there should be a double burden on the consumer. The international price has gone up. Everyone knows that the international price has gone up. It is going up so rapidly that it is a matter of concern to all of us. But the point is whether a road cess of fifty paise, at this point, in addition to Rs.1.50 was at all necessary. It could have waited. We have saids "You wait for the price to come down before having this fifty paise road cess". The second point is on excise duty. Now, in para 2, it has been stated by the Minister that the pricing mechanism attempts to balance the interests of various stakeholders, consumers, Government and oil companies. My question is: Is it being equitably shared? We feel it is being shared by the oil companies and the consumers. But there are two other stakeholders. The Finance Ministry, in the form of taxes and duties, raised Rs.1,70,000 crores-that is the latest figure - in the last year. An amount of Rs. 1,70,ooo crores was- collected by way of taxes, duties and cess. I think, out. of that, Rs. 70,000 crores were collected by the Central Government and Rs.40,000 odd crores by the State Government.

This is the major part. So, sharing is not being done equitably by the successive Finance Ministries of the Government. The other major gainer here, which Shri Pramod Mahajan did not say, and I am again repeating -last year also I did--is the stand-alone private refineries, those who are not involved in marketing. The problem of the public sector companies is that other than the refining margin, they have to take part of the subsidy. But those who are not involved in marketing, the stand-alone refineries, and the biggest of them-I am not mentioning the names-do not share the burden. I would like to know from the Government that when others are sharing the subsidy burden why the Finance Ministry or the stand-alone refineries should not share the burden. Why should the subsidy be shared by the ONGC and the GAIL alone and not by a private refiner who is having an unbridled, without any limit, refining margin? How much is the refining margin? I would like the hon. Minister to explain this. It is very important, if you see para 1. This is the international scenario.

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र)**:** आप समय का ध्यान रखिए ।

श्री दीपांकर मुखर्जी: महोदय, मुझे पांच मिनट दीजिए, मैं पांच प्वाइंट्स बोलूंगा । This is a very serious point. According to para 1, in March, 2002, in the international scenario, when the crude oil price was 23 dollars, the petrol price was 26 dollars and the diesel price was 23 dollars. Today, when the crude oil price is 49 dollars, the diesel price is 61 dollars. When previously one dollar per barrel was the refining margin, in the global scenario it was 12-dollars per barrel. How? What has happened? What are the reasons? Let our experts find out what the reasons are. Is it manipulated? Is it that the refineries all over the world have changed? All of a sudden the refining price has gone up so high in spite of the high technology. *(Time-bell).* Sir, you have to give me a few more minutes. It means that there are some reasons for that. I would like to know from the hon. Minister whether this has been analysed. If that is the case, we would also have to have the advantage of the refinery price here. This under-recovery part in para 6, I think, is totally unsustainable. We need not talk about this. You see that the refining margin from one dollar or two dollars has gone up to 12 dollars globally. For what reason, no one knows. Today, if you see the under-recoveries with respect to that, it gives a wrong picture. I think that must be clarified. My second point is, apart from excise duty and cess, which is a point I have to state time and again, the exporters of petroleum products in the private sector get a duty drawback, a concession, to the tune of Rs.1,200 crores or so, if not more. Why is it not possible to stop that duty

concession, when the global price is so high? It is Rs.i,200 crores. Another point is that we find the Petroleum Ministry is of the same opinion as all of us.

This is a consensus opinion which is going to the Government. This is regarding the Price Stabilisation Fund and, if not that, then the Cess which is collected from the ONGC and the Oil India at the rate of Rs. 1,800 per tonne. I wish Shri Mahajan, at that time, was a little more conscious. It was Rs. 900 per tonne during 2002. From 1974 onwards, this money is being collected for the development of the oil sector.

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र): दीपांकर जी, आपका बोलने का समय पूरा हो गया है ।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Not a single pie, hardly any money has gone to the oil sector. Every year, we are collecting Rs. 5,400 crores. During the NDA regime, Rs. 900 per tonne was being collected. In 2002, this was increased to Rs. 1,800 per tonne. But this money is not going to the oil sector. Today the ONGC is facing a big crisis. The Standing Committee had made a recommendation that this Cess should not go to the Consolidated Fund of India; it should be used either as Price Stabilisation Fund or, as the Ministry wants, it should be used to neutralise the subsidy, to share part of the subsidy. This opinion of the Standing Committee has been shared by the Ministry of Petroleum in the Action Taken Report placed on the Table of the House on 25th February, 2005. The Ministry has said that they also fully agree with this opinion that Rs. 5,400 crores which is being collected through the Cess from the ONGC and the Oil India, should not go to the Consolidated Fund of India; it should be utilised either for sharing subsidy or, as he said, for the Price Stabilisation Fund. What has happened to that? It means the whole House, the Standing Committee, the Ministry of Transport and the Ministry of Petroleum all are of this opinion that this Cess should be utilised for reducing the burden on the consumers,

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र): दीपांकर जी, अभी और सदस्य भी बोलने वाले हैं ।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Right now the position of the public sector companies, as has been said, is quite bad. In view of that, will he not - we are all together - see to it that this burden is reduced? My second point was that the excise duty.,.. *(Time-bell)*.....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA): Please conclude.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: .... by diverting the Cess from the Consolidated Fund of India back to us, back to the oil sector, back to the oil companies. Thirdly, subsidy of Rs. 1,200 crores which is being given for export should not be withdrawn. Fourthly, a review of this duty structure has to be made so that a proportion of tax and duty is reduced to such an extent that the consumer does not have to pay any price for that. Thank you.

श्री राशिद अल्वी (आंध्र प्रदेश): थैंक्यु सर । उपसभाध्यक्ष महोदय, जो देश की स्थिति है और जो इंटरनेशनल मार्केट की स्थिति है, वह पूरे देश को मालूम है । प्रमोद जी की जो चिंताएं हैं, उन चिंताओं में सारा देश शमिल है । लेकिन मैं बैठे-बैठे सोच रहा था कि छह साल पहले जब एनडीए की सरकार आई थी और लोक सभा में राम नाइक जी ने जो स्टेटमेंट दिया था, उन्होंने पेट्रालियम की प्राइस राइज पर कहा था । ....(**व्यवधान**)...

श्री रूद्रनारायणपाणि(उड़ीसा): छह साल नहीं, सात साल पहले ।....(**व्यवधान**)....

श्री राशिद अल्वी: हां, सात साल पहले ।"The fact is that we do not feel happy while increasing the prices, nor we want to create problems for the people knowingly. But we did not have any option and hence the prices were increased. If there would have been any option, we would have given a thought to that." और उस वक्त जो प्राइसेस बढ़ाई गई थी, वह साढ़े चार गुणा बढ़ाई गई थीं, शायद पिछले पचास सालों में उस वक्त 35 परसेंट पेट्रोलियम की प्राइस बढ़ाई गई थी, इससे ज्यादा पेट्रोलियम की प्राइसेस कभी नहीं बढ़ाई गई थी, लेकिन इससे साथ-साथ मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आपकी जो चिंता है, उस चिंता के अंदर हम शामिल नहीं है । यकीनन उस चिंता के अंदर हम शामिल हैं, चूंकि वह चिंता सिर्फ आपकी चिंता नहीं है, वह चिंता पूरे देश की चिंता है । वह चिंता इस देश के गरीब आदमी की चिंता है । मैं बहुत अदब के साथ कहना चाहता हूं कि जब इधर से उधर आदमी जाता है, तो चिंताएं बढ़ जाती है । मुझे याद है और प्रमोद जी को भी याद होगा कि लोक सभा के अंदर सारे दिन बहस हुई थी और कितना जोर हमने दिया था कि चार रूपये मत बढ़ाइये, चार रूपये से कुछ कम कर दीजिए और आखिर में राम नाइक जी ने कहा था कि आप सब जानते हैं कि मेरे हाथों में यह सब बढ़ाना नहीं हैं ।

मैं तो, जो कुछ आप कह रहे हैं, काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स के अंदर जाकर कह दूंगा और काउंसिल आफॅ मिनिस्टर्स तय करेगी कि घटाना है या बढ़ाना है लेकिन इसके बावजूद मैं आपको इल्ज़ाम नहीं देता हूं,किन्तु मणिशंकर जी से मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि आपकी इंटग्रिटी और सिंसीयेरिटी पर हमें कोई शुबहा नहीं है । आपके सीने में धड़कने वाले दिल को मैं अच्छी तरह जानता हूं कि वह गरीबों के लिए धड़कता है । आपकी मजबूरियां भी जानता हूं कि ये आपकी मजबूरियां है । लेकिन इसके साथ-साथ मैं आपसे कहना चाहूंगा कि यह प्रॉब्लम पेट्रोलियम मिनिस्टर से ज्यादा फाइनेंस मिनिस्टर से मुत्तालिक है । पेट्रोलियम मिनिस्टर की अपनी मजबूरियां है लेकिन फाइनेंस मिनिस्टर ज्यादा बर्डन लगाने का काम करते हैं । सर, मैं जानता हूं कि आप बहुत जल्दी-जल्दी घंटी बजाएंगे इसलिए केवल दो बातों की तरफ मैं तवज्जह दिलाना चाहूंगा । एक तो मैं चाहूंगा कि हमारे यहां जो ऑयल का प्रोडक्शन हो रहा है -1990-91 के अंदर, जब

कांग्रेस की सरकार थी, 33 प्वाइंट मिलियन टन प्रोडक्शन हमने हमारे देश में किया था, लेकिन वह लगतार घटता चला गया और एनडीए की सरकार के अंदर आते-आते वह और कम हो गया, उसको मेंटन भी नहीं कर पाए । मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जो प्रोडक्शन हमारा है, उसको बढ़ाने की जरूरत है । जो देश के अंदर ओएनजीसी विदेश लिमिटेड है, 33.98 मिलियन टन क्रूड ऑयल अभी हम देश के अंदर प्रोड्यूस कर रहे हैं , 31.75 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस हम पैदा कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ-साथ सबसे ज्यादा तवज्जह मैं दिलाना चाहता हूं कि हमारे जो ओवरसीज़ एसेट्स हैं, उनसे हमें सिर्फ 3.7मिलियन टन ऑयल मिलता हैं । इसको हमें बढ़ाने की जरूरत है , ज्यादा इनवेस्ट करने की जरूरत है । हालांकि यह वक्त निकल गया । अगर 6 साल पहले एनडीए की सरकार ने इनवेस्ट किया होता तो शायद आज इन चिंताओं का सामना हमें नहीं करना पड़ता लेकिन-" देर आए, दुरूस्त आए ।" आज देर जरूर हो गयी है । इसके अंदर अभी हमें सिर्फ 3.7 मिलियन टन ओवरसीज़ एसेट्स से हमारे पास आता है । अगर हम उसके अंदर ज्यादा इनवेस्ट करेंगे, अपना लोकल प्रोडक्शन ज्यादा बढ़ाएंगे तो हमारी इस समस्या का समाधान हो सकता है । कोई भी सरकार हो, ऑयल से आने वाले रेवेन्यू को नज़रअंदाज नहीं कर सकती है । जो इकनॉमिक सर्वे हैं, उसके मुताबिक 21.77 परसेंट रेवेन्यू हमारा ऑयल से आता है । लेकिन मंत्री जी, मैं एक बात कहना चाहूंगा, आपने जो यहां पर आंकड़े दिए कि कम्पनीज़ इतने नुकसान के अंदर चल रही हैं, उसमें मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि कम्पनीज़ तो नुकसान में चल रही है । मैं किसी पब्लिक सैक्टर का, किसी कॉपरपोरेट हाउस का नाम नहीं लेना चाहता हूं लेकिन आपको मालूम होगा कि अभी पब्लिक सैक्टर, जिसकी रिफाइनरी हैं, 6400 करोड़ रूपया सिर्फ एक क्वार्टर के अंदर उसको आमदनी हुई हैं ।

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र)**:** राशिद साहब, समय कम हैं ।

श्री राशिद अल्वी: सर,मैं दो मिनट के अंदर खत्म कर दूंगा । आप ज्यादा कहेंगे तो फिर से बोल नहीं पाउंगा ।

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र)**:** ज्यादा नहीं कर रहा हूं, मैं कह रहा हूं कि संक्षेप में करिए ।....(**व्यवधान**)....

श्री राशिद अल्वी: दो मिनट में मैं अपनी बात खत्म कर दूंगा, ज्यादा नहीं कहूंगा । उन्हें तो जो कहना था , मैंने कह दिया, अब उससे ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा । सर, 6400करोड़ रूपया फर्स्ट क्वार्टर के अंदर उन प्राइवेट रिफाइनरीज़ को फायदा हुआ है और वे पिछले साल से 60 परसेंट ज्यादा है । इसके अलावा, वे जो रिफाइन करते हैं, उसका 35परसेंट एक्सपोर्ट करते हैं । सर, यह क्या तमाशा हैं ? बाहर से इम्पोर्ट करेंगे, यहां रिफाइन करेंगे, रिफाइन करने के बाद फिर विदेश को ज्यादा पैसों में बेच देंगे । उन पर हमारा कोई अंकुश होना चाहिए । ....(**समय की घंटी**)...सर, चूंकि पांबदी बहुत है इसलिए दो-चार मशवरे आपको देना चाहता हूं । एक तो मैं यह कहना चाहता हूं-शायद केबिनेट ने पास भी किया है-पेट्रोलियम रेग्युलेटरी बिल के बारे में, कि उसमें हमारी रिफाइनरीज़ के ऊपर भी पांबदी लगनी चाहिए, मार्केटिंग रेंग्युलेटरी बोर्ड बनना चाहिए ताकि इसमें कमी हो सके । दूसरी बात आपसे यह कहूंगा कि पेट्रोलियम के अंदर जो टैक्सेज़ आप लगाते हैं, मैं डिटेल में नहीं जाता-ऐक्साइज़ टैक्स, कस्टम टैक्स, पेट्रोल पम्प वाले की आमदनी, दूसरे टैक्सेज़-उसके संबंध में मैं कहूंगा कि जो

59 परसेंट आप लगाते हैं, उसे फिक्स कर दीजिए । इंटरनेश्नल मार्किट में कीमत बढ़े या घटे, आप यह तय कर दीजिए कि एक लीटर पर हम सिर्फ इतना टैक्स लगाएंगे । होता क्या है कि इंटरनेश्नल मार्किट में प्राइस बढ़ते हैं तो हमारे टैक्सेज़ भी बढ़ते चले जाते हैं ।

जिसका बर्डन गरीब आदमी पर पड़ता है । अगर आप यह तय कर दें कि एक लीटर पर इतना टैक्स हमें लगाना हैं, तो इंटरनैशनल मार्केट का जो बर्डन हमारे ऊपर हैं, 7 बिलियन में 1000 लीटर होता हैं और अगर आप कैलकुलेट करें, इंटरनैशनल मार्केट में अगर दो डॉलर बढ़ता है तो ....(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र): सीधे प्रश्न पूछें, तो ठीक रहेगा ।

श्री राशिद अल्वी: तो सिर्फ पचास पैसे का फर्क पड़ता है । पचास पैसे से ज्यादा दो डॉलर पर फर्क नहीं पड़ता है । अगर आप टैक्सेज़ फिक्स कर देंगे, तो मुझे लगता है कि प्राइसेज़ में कमी आएगी । जो प्रोडक्शन देश के अंदर होता है, उसको बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए ।। am very happy,when you said कि बे ऑफ बंगाल में आप कोशिश कर रहे हैं । इसके साथ-साथ मैं यह भी ज़रूर कहना चाहूंगा कि केरोसिन के प्राइसेज़ और उसके ऊपर टैक्सेज़ पर आपने सबसिडी बहुत ज्यादा कर रखी है । पूरी दुनिया के अंदर और खास तौर से सार्क कंट्रीज में ....(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र): आप समय ज्यादा ले रहे हैं, कृपया जल्दी समाप्त कीजिए ।

श्री राशिद अल्वी: मैं खत्म कर रहा हूं । सार्क कंट्रीज में केरोसिन ऑयल की कीमत हमारे यहां से दुगुनी और तीन गुनी है । जो एल.पी.जी.हैं, उसकी कीमतें भी ज्यादा है । मैं यह नहीं कह रहा कि आप बहुत बढ़ा दीजिए, लेकिन पेट्रोल पंप वाले केरोसिन ऑयल को पेट्रोल में मिलाकर बेचने का काम करते हैं । गरीब आदमी तक वह नहीं पहुंचता, इसलिए इस पर भी आपको तवज्जह देने की ज़रूरत हैं, thank you very much .

डा.कुमकुम राय(बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय,मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि केरोसिन ऑयल और एल.पी.जी.की मूल्य वृद्वि की तरफ भी ध्यान देना चाहिए । महोदय,यह सच्चाई है कि भारत अपनी कुल ज़रूरत का 76 परसेंट कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए यहां तेल की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार पर ही निर्भर करती है । सरकार कुछ समय तक ही इनकी कीमतों पर नियंत्रण कर सकती है । अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार पर पिछले दस माह में कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेज़ी आई हैं, मगर सरकार ने तेल कंपनियों को मूल्य वृद्वि करने की अनुमति नहीं दी, जिसका फल यह हुआ कि पिछले वित्त वर्ष में, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को करीब 20,000 करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा । अगर तेल की कीमतों में अब भी वृद्वि न की जाती, तो इन तेल कंपनियों की वित्तीय स्थिति तेज़ी से बिगड़ सकती थी, जो कि देश की पूरी अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक होता । इसलिए मजबूरन पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें बढ़ाई गई हैं । राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष , आदरणीय लालू यादव जी को मैं बहुत साधुवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन पेट्रोलियम पदार्थो में मिट्टी तेल और एल.पी.जी.को छोड़ दिया जाए, अर्थात् उनकी कीमतों में बढ़ोत्तरी नहीं की जाए,

क्योंकि मिट्टी का तेल का जहां तक संबंध हैं, वह तमाम गरीब लोगों का बहुत ही आवश्यक और उपयोगी सामान है और इस तरह से प्रधान मंत्री जी ने उनकी बात का ख्याल रख कर, झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले जो तमाम गरीब हैं, उनके घर में जलने वाली लालटेनों को जो सुरक्षित रखा है, उसके लिए वे भी बधाई के पात्र हैं।

महोदय, देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ हमारी ऊर्जा आवश्यकताएं भी दिनों-दिन बढ़ती चली जा रही हैं, जिनकी पूर्ति के लिए हमें एक साथ कई क्षेत्रों में लगातार प्रयास करने होंगे। तेल कंपनियों को भारत में नए तेल भंडार खोजने का प्रयास और तेज़ करना होगा, साथ ही साथ सरकार को अपनी ऑयल डिप्लोमेसी के माध्यम से विदेशों में तेल के नए स्रोत तलाशने होंगे। इसके लिए हमारी तेल कंपनियों को विदेश के तेल भंडारों की खोज, उनके उत्खनन और साथ ही साथ विदेशी तेल कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम द्वारा स्वतंत्र रूप से भी यह कार्य करना होगा। यह कार्य हमारी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां बखूबी कर सकती हैं, लेकिन इसके लिए ज़रूरी हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति मज़बूत हो और उनके पास पर्याप्त संसाधन भी हों।

महोदय, पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्वि के विकल्प के रूप में जो बातें सामने आती हैं या जो सुझाव अनेक राजनीतिक दलों द्वारा सुझाए जाते हैं, उनमें से मुख्य यह है कि इस बोझ को जनता पर न डाल कर, सीमा-शुल्क, उत्पाद-शुल्क और बिक्री कर इत्यादि में कटौती करे स्वयं सरकार को उठाना चाहिए। इस तरह से कह कर वे आम जनता के बोझ को कम करने की बात करते हैं, लेकिन ये उपाय व्यावहारिक नहीं लगते, क्योंकि ऐसा करके सरकार अपने राजस्व में भारी कमी करेगी और इससे बजटीय घाटा बढ़ेगा। इसका जो दुष्परिणाम होगा, वह उन तमाम सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर पड़ेगा और अंततः इससे जनता ही प्रभावित होगी। इस विकल्प का दूसरा दुष्परिणाम यह भी हो सकताहै कि यदि पेट्रोलियम पदार्थ सस्ते हुए, तो इनके उपयोग की मात्रा में बढ़ोत्तरी होगी और अंततः हमारा आयात का जो बिल है,, उसमें भी बढ़ोत्तरी होगी, विदेशी मुद्रा के रूप में जो हम आयात करेंगे, उसमें भी बढ़ोत्तरी होगी।

महोदय, यह सच है कि पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्वि से मुद्रा-स्फीति निश्चित रूप से बढ़ेगी, लेकिन विकास दर पर इसका कोई कुप्रभाव ज्यादा नहीं पड़ेगा, जैसा कि डर दिखाया गया हैं। तेल की कीमतों में ....(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र): कुमकुम जी, आप सीधे सवाल पूछें तो ज्यादा अच्छा होगा।

डा.कुमकुम राय: महोदय, बस उसी पर आ रही हूं। तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी से बचने के लिए हमें सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों का इस हद तक दोहन नहीं करना चाहिए, ताकि उनकी हालत और बिगड़े। इसके लिए मैं उदाहरण देना चाहूंगी, राज्य के तमाम बिजली बोर्डो का। राज्यों के तमाम विद्युत बोर्डो की जो आज हालत कर्जे में भारी रूप से दबे होने की स्थिति, सामने आई हैं, क्योंकि हमारे कई प्रकार के जो राजनीतिक निर्णय लिये जाते हैं, चाहे किसान को मुफ्त बिजली देने की बात हो, चाहे गरीबों को मुफ्त बिजली देने की बात हो, ...(समय की घंटी)...इसलिए इस प्रकार के निर्णयों से, जैसे वे बोर्ड घाटे में चले गए, उस प्रकार का निर्णय हमारी सरकार नहीं ले सकती, और न ही लेना चाहिए। मैं इस संबंध में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि हमें ज्यादातर वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ ज्यादा ध्यान

देना होगा । वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में जो गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत हैं, उस पर हमारी सरकार ने सिर्फ बातें ज्यादा की है । दुर्भाग्य से अभी तक आजादी के इतने वर्षो के बाद तक जब इसमें अपार संभावनाएं हैं, इसमें काम नहीं किया गया है, चाहे वह पवन ऊर्जा हो, चाहे वह जल स्रोत से ऊर्जा हो या इसके अतिरिक्त जो सौर ऊर्जा हैं । हमारे यहां पशु धन ज्यादा है , लेकिन हमने गोबर गैस प्लांट की ....(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र): आपकी बात आ गई हैं । अब आप स्थान ग्रहण करें ।

डा.कुमकुम राय: सिर्फ नुमाइश की है, लेकिन उसकी उत्पादित ऊर्जा का उस प्रकार से उपयोग नहीं किया है और न ही हमने ग्रामीण क्षेत्र की जनता को, इस उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्यक्रम बनाए हैं । इसलिए मैं सरकार को यह सुझाव देना चाहूंगी कि वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ ध्यान देकर, उस पर बढ़ोत्तरी करके, जो तेल क्षेत्र पर हमारी निर्भरता है, उसमें कमी लाई जानी चाहिए । इसके अतिरिक्त जो जैविक डीज़ल की बात थी, जो जेट्रोपा से उत्पादित डीज़ल की बात थी, इस संबध में और जो हमारे क्षेत्र में और जो काम होना चाहिए, उसको और बढ़ावा देना चाहिए, इससे हम तमाम वैकल्पिक उपायों पर काम कर सकेंगे । जैसे सीएनजी वगैरह का उपयोग है । कोर्ट की दखल से दिल्ली जैसे महानगर में सीएनजी से जो गाड़िया चल रही है, ...(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष(श्री कलराज मिश्र): आपका समय हो गया हैं, आप बैठिए ।

डा.कुमकुम राय: देश के सभी शहरों में, सभी महानगरों में अगर सीएनजी की किट और उसको उपलब्ध कराने के जो केन्द्र हैं, वे अधिक से अधिक खोलें जाएं तो हमारी जो तेल पर निर्भरता है, वह कम होगी और इस प्रकार हम मूल्य पर भी कंट्रोल करने में सक्षम होंगे ।

THE BUDGET (BIHAR), 2005-06

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I lay on the Table a statement (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure of the State of Bihar for the year 2005-06.

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 2005-06

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I lay on the Table a statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2005-06 (August, 2005).